पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

अच्छा नागरिक बनाने के लिए केवल अच्छे स्कूल में दाखिला काफी नहीं - राज्यपाल

लखनऊः 17 मार्च, 2016

प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव के अवसर पर नन्हें मुन्हें बच्चों को रिपोर्ट कार्ड देकर उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्री जितेन्द्र कुमार प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा, गोयनका पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष श्री सर्वेश गोयल, प्रधानाचार्या श्रीमती रवीन पाण्डेय, शिक्षकगण, अभिभावकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

राज्यपाल ने अभिभावकगण को सम्बोधित करते हुए कहा कि अच्छा नागरिक बनाने के लिए केवल अच्छे स्कूल में दाखिला काफी नहीं है। निःसन्देह स्कूल में अच्छी शिक्षा मिलती है मगर बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ घर में प्यार और संस्कार मिलना चाहिए। बच्चों का ऐसा विकास करें कि वे सिर्फ किताबी कीड़ा न बन अन्य गतिविधियों में भी भाग लें। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्ता बढ़ाने वाली शिक्षा देनी चाहिए।

श्री नाईक ने कहा कि माता-पिता बच्चों को अच्छा नागरिक बनायें। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ माँ की ममता और पिता का ध्यान आवश्यक है। शिक्षक विद्यार्थियों का ध्यान रखें। देश के बच्चें आगे बढ़ेंगे तो युवा आगे बढेंगे। युवा बढेंगे तो देश आगे बढेगा। उन्होंने कहा कि बच्चे का विकास स्कूल और शिक्षकों पर निर्भर करता है।

राज्यपाल ने स्कूल की तारीफ करते हुए कहा कि वे गाँव के स्कूल में पढे हैं। मन में इस बात की कसक है कि काश उन्हें भी ऐसा अच्छा स्कूल मिलता। उन्होंने बच्चों को जीवन में सफलता के चार मंत्र बताते हुए कहा कि हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए, बिना बडे-छोटे का ध्यान रखे दूसरों के अच्छे कामों की तारीफ करना सीखें, किसी की निन्दा न करें, निन्दा के तीर बहुत दुखदायी होते हैं, अहंकार स्पीड ब्रेकर बनकर सफलता की गति को रोक देता है। उन्होंने कहा कि बच्चे हर काम को बेहतर ढंग से करना सीखें।

इस अवसर पर जी0डी0 गोयनका पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष श्री सर्वेश गोयल ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती रवीन पाण्डेय ने स्कूल की प्रगति आख्या प्रस्तुत की तथा बच्चों ने गणेश वंदना पर आधारित नृत्य व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

अंजुम/ललित/राजभवन(106/28)

and grow. We have no doubt

Practical Prabhav
We are excited about the
opportunities that you will find in

HONORABLE GOVERNOR
UTTAR PRADESH
-SHRI RAM NAIK JI